DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

# संघ लोक सेवा आयोग सिविल सेवा - मुख्य परीक्षा

# (Download) UPSC IAS Mains Exam 2018

# (PUBLIC ADMINISTRATION ) लोक प्रशासन(Paper-2)

**Exam Name: UPSC IAS Mains PUBLIC ADMINISTRATION (लोक प्रशासन) (Paper-II)**

**Marks: 250**

**Time Allowed: 3 Hours.**

## खण्ड "A"

**Q1. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

a. “निकट रहने वाली सरकार ही लोगों के लिए सबसे ज़्यादा महत्त्वपूर्ण सरकार होती है ।” स्थानीय शासन के मूल्यों का विशेष उल्लेख करते हुए, इस कथन पर चर्चा कीजिए ।

b. “वेस्टमिन्सटर मॉडल का तत्त्वविचार भारत की राजनीतिक संस्कृति से मेल नहीं खाता है । समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए

c. “संलग्न कार्यालय और अधीनस्थ कार्यालय मंत्रिमंडल सचिवालय के प्रकार्यचालन के अविभाज्य अंग होते हैं।” विवेचना कीजिए।

d. यह आशंकित है कि पार्श्विक प्रवेश अधिकारी-तंत्र के राजनीतिकरण की ओर ले जाएगा । क्या आप सहमत हैं ? औचित्य सिद्ध कीजिए।

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

e. बिना प्रभावी जवाबदेही क्रियाविधियों के कार्यों को ठेके पर दे देना प्रभावी सेवा संप्रदान में उल्टा नुकसानदेह हो सकता है ।" टिप्पणी कीजिए।

**Q2.** a. "बाज़ार-चालित लाभप्रदता सरोकारों ने सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रमों की नींव को हिला दिया है।" क्या आप सहमत हैं ? कारण दीजिए।

b. यह तर्क दिया जाता है, कि नीति आयोग ने आयोजन के प्रासाद' को टुकड़ों में बाँट दिया है । टिप्पणी कीजिए ।

c. "अनुक्रियात्मक तथा प्रभावी प्रशासन के लिए नागरिक समाज की स्वायत्तता निर्णायक होती है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए।

**Q3.** a. राज्यों को संसाधनों के नियतन के लिए 15वें वित्त आयोग द्वारा अपनाए गए मानदंडों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए । 10वें वित्त आयोग से अब तक विवाद के मुख्य मुद्दे क्या-क्या रहे हैं ?

b. राज्य विधानमंडल में, गठबंधन के काल में, एक अकेली पार्टी के भ्रांतिजनक बहुमत के साथ, राज्यपाल की भूमिका और भी अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाती है ।" चर्चा कीजिए।

c. "विकास प्रबन्धन जिला स्तर पर स्व-संधारणीय (सेल्फ-सस्टेनिंग) ग्राहक-हितैषी संस्थाओं की वकालत करता है ।" टिप्पणी कीजिए ।

**Q4.** a. जलवायु परिवर्तन के मुद्दे जिला प्रशासन के अग्रलक्षी होने के लिए नई-नई चुनौतियाँ प्रस्तुत करते हैं ।" विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

b. न्यायिक अतिविस्तार (ओवररीच), एक बड़ी हद तक, निष्प्रभावी कार्यपालिका का एक परिणाम है ।" परीक्षण कीजिए ।

c. "राज्य-संचालित अर्थव्यवस्था से बाज़ार अर्थव्यवस्था में संक्रमण में, भारत को निर्देशात्मक योजनाकरण' पर अधिक आश्रित होना चाहिए ।" क्या आप सहमत हैं ? अपनी स्थिति को स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड "B"

---

**Q5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

a. "भारत में सिविल सेवा में 'समर्थकारी' और 'सुगमीकारी अभी तक भी 'निरीक्षकों और नियंत्रकों को प्रतिस्थापित नहीं कर पाए हैं ।" क्या आप सहमत हैं ? औचित्य सिद्ध कीजिए ।

b. वित्तीय समावेशन के लिए विधिक समर्थन की आवश्यकता है परन्तु एक यथार्थ बनने के लिए इसे अपने स्वयं के प्रति जागरूकता बढ़ाने की भी आवश्यकता है ।" विवेचना कीजिए ।

c. लैगिक मुख्यधाराकरण का एक शक्तिशाली साधन बनने के लिए, लैंगिक बजटन के लिए आबंटनों से आगे पुनर्चिंतन की आवश्यकता होती है ।" विवेचना कीजिए ।

d. "सामाजिक संपरीक्षा ने मनरेगा जैसे कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को एक क्रांतिक धार प्रदान कर। दी है ।" टिप्पणी कीजिए ।

e. आफस्पा (सशस्त्र सेनाएँ विशेष शक्तियाँ अधिनियम) बहस भारत के अर्धसैन्य बलों के राष्ट्रीय सुरक्षा की अनिवार्यताओं एवं मानवाधिकारों की संरक्षा के मध्य फँसे होने को उद्घाटित करती है ।" विवेचना कीजिए।

**Q6.** a. "प्रशासकों को उत्तरदायित्वों के प्रभावी आबंटन के लिए सक्षमता मानचित्रण ९ '९' क्या आपके विचार में सामान्यज्ञ प्रशासक सभी मद्दों को उतने ही प्रभावी तरीके से निपटा सकता है जितने कि कोई विशेषज्ञ ? विवेचना

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM

कीजिए ।

b. प्रशासनिक सुधारों पर विभिन्न आयोगों की संस्तुतियों ने पॉल ऐपलबाइ रिपोर्ट से कोई मूलभूत खिसकाव नहीं किए हैं ।" क्या आप सहमत हैं ? कारण दीजिए।

c. "निष्पादन प्रबंधन के लिए, लक्ष्यों की दक्षतापूर्वक प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए, संकेतकों और मापकों की पहचान करने की आवश्यकता होती है ।" चर्चा कीजिए।

**Q7.** a. "ग्रामीण विकास कार्यक्रम, लघु एवं सीमान्तक कृषकों की समस्याओं के प्रभावी समाधान में विफल रहे हैं ।" विश्लेषण कीजिए और सुझाव दीजिए।

b. "नेटवर्क युग में ट्राई के सामने डिजिटल आक्रमण से नेट तटस्थता को सुरक्षित रखने का चुनौतीपूर्ण कार्य है ।" टिप्पणी कीजिए ।

c. प्रतिवेश प्रबन्धन (नेबरहुड मैनेजमेंट) नगरीय विकास परिदृश्य में सामाजिक बहिष्करण से निपटने की एक उपयुक्त वैश्वीस्थानिक रणनीति प्रदान करता है ।" टिप्पणी कीजिए ।

**Q8.** a. "प्रभावी लोक शिकायत निवारण के लिए प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता होता है । परन्तु प्रक्रम पुनर्भियांत्रिकी कुछ शिकायतों को रोकने में सहायता कर सकती है ।" विवेचना कीजिए ।

b. "राजनीति के अपराधीकरण को कम करने के लिए संस्थागत परिवर्तन आवश्यक है परन्तु यह एक पर्याप्त शर्त नहीं है ।" परीक्षण कीजिए ।

c. नगरीय स्थानीय शासन का असशक्तिकरण एवं अराजनीतिकरण अनेक तरीकों से हुआ है ।" टिप्पणी कीजिए ।

DOWNLOADED FROM : WWW.IASEXAMPORTAL.COM Courtesy:UPSC

सत्यमेव जयते

यूपीएससी आईएएस परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग

## (डाउनलोड) UPSC (IAS) Exams Papers
## आईएएस परीक्षा पेपर in Hindi Medium

---

- **यूपीएससी आईएएस (प्री) सामान्य अध्ययन परीक्षा (पेपर - 1)**
- **यूपीएससी आईएएस (प्री) CSAT (पेपर - 2)**

Click Here to Download
डाउनलोड

**CLICK HERE FOR ALL IAS HINDI Medium PAPERS**

**http://iasexamportal.com/hindi/papers**

IAS EXAM

Indian Administrative Services

# UPSC PRINTED STUDY NOTES

| | | |
|---|---|---|
| Study Material for IAS (UPSC) General Studies Pre. Cum Mains (Combo) | English | CLICK HERE |
| UPSC - IAS PRE (GS+CSAT) Solved Papers & Test Series | English | CLICK HERE |
| UPSC सामान्य अध्ययन प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा (Combo) Study Kit | Hindi | CLICK HERE |
| Study Material for IAS Prelims: GS Paper -1 + CSAT Paper-2 | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) GENERAL STUDIES Paper-1 (GS) | English | CLICK HERE |
| Study Kit for IAS (Pre) CSAT Paper-2(Aptitude) | English | CLICK HERE |
| Public Administration Optional for UPSC Mains | English | CLICK HERE |
| सामान्य अध्ययन (GS) प्रारंभिक परीक्षा (Pre) पेपर-1 | हिन्दी | CLICK HERE |
| आई. ए. एस. (सी-सैट) प्रांरभिक परीक्षा पेपर -2 | हिन्दी | CLICK HERE |
| Gist of NCERT Study Kit For UPSC Exams | English | CLICK HERE |
| यूपीएससी परीक्षा के लिए एनसीईआरटी अध्ययन सामग्री | हिन्दी | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRELIMS EXAM | English | CLICK HERE |
| COMPLETE STUDY MATERIAL FOR IAS PRE+MAINS+INTERVIEW EXAM | English | CLICK HERE |
| UPSC, IAS सिविल सेवा परीक्षा संपूर्ण अध्ययन सामग्री (प्रारंभिक, मुख्य, साक्षात्कार) | हिन्दी | CLICK HERE |